**खबर संक्षेप**

### जनपद पंचायत हर्रई के सभा कक्ष में हुई बैठक



**हर्रई।** स्वच्छ भारत मिशन अभियान भारत सरकार द्वारा विकासखंड हर्रई क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों पर की चर्चा। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जनपद पंचायत हर्रई के सभा कक्ष में हुई बैठक आयोजित। स्वच्छता सुनिश्चित करने हेतु दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जाना है। अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामों में ओडीएफ प्लस के स्थायित्व सुनिश्चित करना है आगामी त्यौहार नवरात्रि पर्व के पूर्व ग्रामों में सफाई सुनिश्चित करना। ग्राम के सभी सार्वजनिक स्थल स्वच्छता संस्थायें एवं धार्मिक स्थल आदि की साफ सफाई। ग्रामों को चिन्हित कर प्रमुख स्थानों पर कम से कम पांच स्वच्छता संदेश जो की तीन विषयों पर आधारित होंगे। जैसे सूखा गीला कचरा अलग-अलग कर कचरा वाहन को देना। धार्मिक आयोजनों में प्लास्टिक कागज का उपयोग ना करें दोना पत्तलों का उपयोग करना। व गंदगी ना फैलाना स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता सुनिश्चित करें। आयोजित बैठक में एसडीएम हेमकरण धुर्वे , मंडल महामंत्री डॉ प्रियंका शर्मा, जिला मंत्री मनोज नेमा, जनपद पंचायत अध्यक्ष कंचना उईके, नगर परिषद उपाध्यक्ष मोनू अभिषेक साहू, जनपद पंचायत सी ईओ, विकास सिंह भदोरिया , बी एम ओ डॉक्टर रानी वर्मा, परियोजना अधिकारी रत्नेश कुमार वैध, कृषि विभाग अधिकारी विनोद कुमार टांडेकर। सभी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी जनप्रतिनिधियों सहित मीडिया कर्मी रहे मौजूद।

### बच्चों ने प्रतियोगिता में जीते पुरस्कार

**सौंसर।** राम शांति विद्या मंदिर पांढुर्णा में आयोजित अंतर विद्यालयीन वाद विवाद प्रतियोगिता में भंसाली विद्या मंदिर सौंसर के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दो प्रतियोगिताओं में दो स्थान प्राप्त किए हैं। अंग्रेजी वाद विवाद प्रतियोगिता का विषय था क्या खेल एक सुरक्षित कैरियर विकल्प है, तथा हिंदी वाद-विवाद का विषय था,क्या परीक्षाएं छात्र की क्षमता का सही मापदंड हैं, अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता में कु. आलिया मालाधारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## वन विभाग की लापरवाही का ही नतीजा दोबारा बीमारी फैलना

# साल, बोरर कीड़े दोबारा लगने एवं हरे सरई पेड़ों के कटने से हरियाली पर संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया





तामिया के जंगल को प्रकृति ने सरई के जंगल से नवाजा है। इन पेड़ों की खासियत यह है कि यह रोपण नहीं किये जाते हैं। इन्हीं पेड़ के दम पर तामिया की पहाड़ी पर्यटन का दर्जा पर्यटन क्षेत्र नहीं होते हुए भी रखती है, लेकिन इस जंगल का दुर्भाग्य कहा जाए कि यहां पर कैंपा मद से रोपे गए पौधे उंगलियों पर गिनने लायक लाखों की राशि खर्च करने के बाद पनपे हैं और वह भी औसत ऊंचाई भी नहीं प्राप्त कर सके, वही सरई के पेड़ों की अंधाधुंध कटाई होती चली आ रही है। जिस कारण सरई के जंगल का रकवा मैदान में तब्दील होता चला जा रहा है क्योंकि जंगलों की रखवाली के लिए विभाग ने कोई ध्यान नहीं दिया। इस कारण सरई के पेड़ प्रतिदिन जंगल में कटते देखे जा सकते हैं, लेकिन अब इन पेड़ों पर दोबारा प्रकृति की मार पडने लगी है। फिर से ईन पेड़ों में साल बोरर कीड़ों का प्रकोप देखने मिल रहा है। सनद रहे गर्मी के दिनों में हरी भूमि की खबर के बाद विभाग ने इन्हें चिन्हित कर बीमारी रोकने काटा था, लेकिन विभाग की लापरवाही के चलते कुछ पेड़ चिन्हित होने के बाद भी नहीं काटे जा सके। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। वल्चर पॉइंट के पास 108 नंबर का बीमार पेड़ आज भी सलामत खड़ा है। इसके बदले शायद दूसरा पेड़ काटकर गिनती पूरी कर दी गई। लेकिन यही लापरवाही अब दोबारा साल बोरर कीडे लगने से इनके जीवन पर संकट आ गया है। इस तरह वन विभाग की लापरवाही ही कहा जाए। की मैदानी वन कर्मी जंगल की ओर रुख नहीं करते! जिस कारण ईन बीमार इन पेड़ों की संख्या दोबारा बढ़ रही है। इसे विभाग की लापरवाही ही कही जाएगी। लगभग दो सौ पेड़ बीमारी में कटने के बाद जंगल में दोबारा इनकी जांच कर यह बीमारी न फैल सके। लेकिन विभाग की लापरवाही इस फैल रही बीमारी के कारण साफ देखी जा सकती है, वहीं सरई के जंगल में प्रतिदिन अवैध कटाई होती चली आ रही है। यदि कटाई एवं साल बोरर कीड़ों पर शीघ्र ही रोक नहीं लगाई गई। तो सरई के पेड़ों के रूप में पर्यावरण की हानि तामिया के जंगल को उठानी पड़ेगी।

## महिला से ठगे 8 तोला सोने के जेवर

# महिला के हाथों 21 हजार दान करने का झांसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज पुलिस थाना पांढुर्ना से महज 50 मीटर दूरी पर स्थित जैन मंदिर गई वृद्ध महिला चंपाबेन चुन्नीबाई शाह आयु 70 निवासी गुरूनानक वार्ड से 2 बाइक सवारों ने सुबह 8 बजे ही 8 तोला सोने के जेवर ठग लिए। 1 आरोपी ने गुजराती में चर्चा कर पहले महिला का विश्वास जीता और फिर मंदिर में 21000 रू. महिला के हाथों दान देना कहकर चंपाबेन को मोहित कर लिया। दोनों आरोपी बाइक से फरार हो गए जिनका अब तक पता नहीं चला हैं।



चंपाबेन के अनुसार मंदिर में उनकी पूजा अर्चना समाप्त हो चुकी थी। इतने में 1 युवक भीतर आया और गुजराती भाषा में मुझे बातचित करने लगा। युवक ने कहा कि इस मंदिर में मत्था टेकने के बाद उसे एक लाख रू. मासिक वेतन वाली नौकरी लगी है। इसलिए इस मंदिर को वह महिला के हाथों 21000 रू. की राशि दान देना चाहता है।

युवक ने कहा कि मुझे यह दान किसी महिला के हाथों करना है जिससे अधिकतम पुण्यलाभ प्राप्त हो सके। दान के लिए युवक ने बताया कि मुझे दान राशि आपके शरीर पर जो आभूषण उसके संपर्क में थोडी देर रखना होगा तभी मेरा दान सफल होगा। चंपाबेन ने उसे समझाया भी कि तुम्हारी दान राशि मेरी चूड़ियों को छुआ दो लेकिन युवक नहीं माना।

इसके बाद चंपाबेन ने कोई भला मानुष समझकर अपनी चूडिया उतार दी। गले का हार युवक ने खुद चंपाबेन की सहमति से उतारा। इन आभूषणों और 11000 रू. की 2 गड्डियों को युवक ने एक कपडे के थैले में रखा। इस दौरान मंदिर के पूजारी दिलीप गव्हाने युवक के निवेदन पर उपरी मंजिल स्थित मंदिर में पूजा की तैयारी चले गए थे। इधर युवक ने आभूषण और रूपयों का थैला बाजू में रख दिया और चंपाबेन को ईश्वर का 21 बार जाप करने को कहा।

5 मिनट बाद चंपाबेन ने देखा कि युवक वहां नहीं है लेकिन पोटली रखी है। पोटली खोलने के बाद उसमें ना आभूषण मिले ना ही नोटों की गड्डियां। इस पर चंपाबेन ने शोर मचाया तो पूजारी दिलीप दौडकर आए और बाहर जाकर देखा तो ठग रफुचक्कर हो चुका था। पुलिस जांच के बाद सीसीटी खंगाले गए जिसमें पता चला कि आरोपी 2 लोग थे जो बाइक से मंदिर में आए थे। लेकिन एक आरोपी मंदिर के बाहर बाइक पर ही था। एक आरोपी हेल्मेट लगाकर था और दूसरा मास्क लगाकर। चंपाबेन ने बताया कि युवक ने मुझे बहन मानकर शरीर से जेवल उतारने के दौरान 2000 रू. दिए, पूजारी और चौकीदार को 500-500 रू. दिए थे।

## महापौर ने डीआरएम से मिलकर रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने की मांग रखी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा ने शहर के दो महत्वपूर्ण रेलवे क्रॉसिंग – पीसी नंबर 17 और पीसी नंबर 21 – पर रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) निर्माण कार्य को शीघ्रता से शुरू करने की मांग की है। इस संबंध में महापौर विक्रम सिंह अहके ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक डीआरएम विनायक गर्ग से मिलकर विभिन्न मांगों का पत्र सौंप कर चर्चा की। नगर निगम महापौर विक्रम अहके ने डीआरएम को बताया कि नगर पालिक निगम की ओर से इन दोनों रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी निर्माण की स्वीकृति दी जा चुकी है और पीसी नंबर 17 के लिए आवश्यक 50 प्रतिशत राशि का अंशदान भी निगम द्वारा जमा करा दिया गया है। इसके बावजूद अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है।महापौर ने डीआरएम को यह भी स्पष्ट किया है कि निगम द्वारा 9 जुलाई 2025 को पत्र क्रमांक 307 के माध्यम से रेलवे को जनरल अरेंजमेंट ड्राइंग (जीएडी) जमा कर दी गई थी।

इसके बाद भी कार्यवाही लंबित है। महापौर ने कहा कि यह परियोजनाएं छिंदवाड़ा की जनता के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं क्योंकि इनसे शहर में सुगम यातायात व्यवस्था स्थापित होगी और लंबे समय से लगने वाले जाम से निजात मिलेगी।महापौर ने रेलवे से अनुरोध किया है कि इन प्राथमिकता वाले कार्यों को शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए ताकि निर्माण कार्य बिना विलंब के आरंभ हो सके। उन्होंने भरोसा जताया कि रेलवे के सहयोग से इस जनहित के काम को समय पर पूरा किया जा सकेगा।

## साइबर अपराधों से बचने के उपायों की दी जानकारी



**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त शचंद्रप्रकाश राय के निर्देशानुसार गुरुवार, 11 सितम्बर को नगर निगम सभाकक्ष में एचडीएफसी बैंक के बैंक मैनेजर द्वारा साइबर फ्रॉड एवं बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव विषय पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया गया। बैठक में साइबर अपराधों से बचने के उपायों की जानकारी दी गई तथा सावधानी बरतने पर जोर दिया गया।इसी अवसर पर एचडीएफसी बैंक की ओर से निगम क्षेत्र में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु एक सिटीजन मोबाइल एप्लीकेशन (**CNN Citizen**) निशुल्क (सीएसआर) के अंतर्गत विकसित कर निगम को प्रदान किया गया। इस एप्लीकेशन के माध्यम से क्षेत्र के सभी नागरिक अपनी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे तथा उनका समय पर निराकरण सुनिश्चित होगा।बैठक में निगम के उपायुक्त (वित्त) श्री कमलेश निरगुड़कर, कार्यपालन यंत्री श्री हिमांशु अतुलकर, कार्यालय अधीक्षक श्री मोहन नागदेव, सहायक यंत्री श्री विवेक चौहान सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 23 को छिंड़वाड़ा आएगी धम्म ध्वज यात्रा

**छिंदवाड़ा।** धम्म ध्वज यात्रा को लेकर समता बुद्धआयोजन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई बैठक में प्रमुख रूप से यात्रा संयोजक नितिन गजभिए,दिलीप बागड़े,स्मिता वाकोडे,थे।यात्रा के संबंध में जानकारी देते हुए श्री गजभिए ने बताया बौद्धों की विरासत महाबोधि महाविहार को मुक्त करने हेतु चल रहे आंदोलन में पूज्य भंते विनाचार्य के द्वारा नागपुर की दीक्षाभूमि से 17 अगस्त को यात्रा का शुभारंभ किया गया है जो कि महाराष्ट्र छत्तीसगढ़ भ्रमण करते हुए छिंदवाड़ा 23 सितंबर को ओर 24 को सौसर पहुंच रही है।बैठक के दौरान समता बुध विहार के साथ ही डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर चौक में भी धम्म ध्वज यात्रा का सत्कार एवं आयोजन करने को लेकर चर्चा की गई है।

## गंभीर चोट कारित करने वाले आरोपी को 4 वर्ष का कारावास

**छिंदवाड़ा।** गुरुवार माननीय महेंद्र मांगोदिया अपर सत्र न्यायाधीश जुन्नारदेव द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 17/2021 में निर्णय घोषित करते हुए आरोपी मुकेश विश्वकर्मा निवासी वार्ड नंबर 17 जुन्नारदेव को 04 वर्ष के कारावास एवं 5000 रुपए के जुर्माना से दंडित किया है । अपर लोक अभियोजक /शासकीय अधिवक्ता पंकज श्रीवास्तव द्वारा बताया गया की घटना का विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 5/3/2021 को सुबह करीब सुबह 11 बजे वार्ड नंबर 17 माझरी जुन्नारदेव में प्रार्थी श्वेता विश्वकर्मा अपने देवर दीपक के साथ एक अंत्येष्टि कार्यक्रम में शामिल हुई थी तभी आरोपी मुकेश विश्वकर्मा ने पुरानी रंजिश के कारण अर्थी के पास रखी कुल्हाड़ी से प्रार्थी श्वेता के देवर दीपक पर हमला करते हुए मुंह पर वार कर दिया जिससे उसके दांत टूट गए और ओंठ कट गया था । इस प्रकार घोर उपहति (गंभीर चोट ) कारित की थी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 89/ 2021 में धारा 326,506भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध किया था । न्यायालय में विचारण के उपरांत गवाहों के परीक्षण के आधार अपराध सिद्ध पाए जाने पर दोष सिद्ध करते हुए उपरोक्त धारा 326 भादवी के तहत आरोपी मुकेश विश्वकर्मा को 4 वर्ष का कारावास एवं 5000 रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है प्रकरण मे राज्य की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक पंकज श्रीवास्तव द्वारा की गई।

## दिल्ली में नकुलनाथ से मिले जुन्नारदेव विधायक उइके

**आदिवासी समाज सहित अनेक मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जुन्नारदेव विधानसभा के विधायक सुनील उइके ने आज दिल्ली में छिंदवाड़ा जिले के लोकप्रिय नेता एवं पूर्व सांसद नकुल नाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विधायक उइके ने विधानसभा क्षेत्र से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण स्थानीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की और जनहित को लेकर अपने विचार रखे।बैठक के दौरान जुन्नारदेव विधानसभा के अनेक मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। साथ ही विधायक उइके ने आदिवासी समाज की समस्याओं और अधिकारों पर भी विस्तार से चर्चा की तथा उनके उत्थान व सशक्तिकरण के लिए ठोस आवाज़ उठाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

इसी अवसर पर विधायक उइके ने पूर्व में जुन्नारदेव विधानसभा के झिरपा–चावलपानी क्षेत्र में श्रीमती प्रिया नाथ जी द्वारा स्थानीय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रदान की गई चार गुटली की मशीनरी से तैयार चिरौंजी की उपज भी नकुल नाथ जी को भेंट करवाई और इस पहल की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार एवं सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय कदम बताया।इस भेंट के पश्चात विधायक सुनील उइके ने कहा कि नकुलनाथ जी जिले की जनता की समस्याओं और आकांक्षाओं को दूर करने ऐव उनके हक की लड़ाई लड़ने के लिए वे लगातार प्रतिबद्ध हैं और आने वाले समय में भी क्षेत्र के विकास तथा आदिवासी समाज की प्रगति हेतु उनके प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

## राष्ट्रीय हिंदू सेना द्वारा नवरात्रि में आयोजित होने वाले गरबा महोत्सव को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राष्ट्रीय हिंदू सेना प्रदेश प्रभारी एव जिला अध्यक्ष यमन साहू ने बताया की नवरात्रि में आयोजित होने वाले गरबा महोत्सव में होने वाली असमाजिक तत्व के प्रवेश,गैर हिंदुओ का प्रवेश वर्जित, माता बहनों की सुरक्षा तिलक लगाकर प्रवेश, और भारतीय वेशभूषा परिवेश पहचान ही प्रवेश दे,रात्रि 10:00 बजे तक ही कार्यक्रम संचलित करने की अनुमति देवे और गौशाला एव गोवंश हेतु चरनोई भूमि का चिन्हकरन और अतिक्रमण मुक्त कर आरक्षण के लिए ज्ञापन कलेक्टर महोदय एव SDM महोदय को ज्ञापन सौंपा गया और आज मुख्य रूप से उपस्थित रहें हिंदू सेना प्रदेश प्रभारी एव जिला अध्यक्ष यमन जी साहू जिला उपाध्यक्ष अनुराग श्रीवास्तव छात्र परिषद जिला अध्यक्ष विजय गोली जी जिला महामन्त्री गोलू पटेल जी जिला मन्त्री राहुल साहू जी नगर अध्यक्ष विक्की साहू जी नगर प्रमुख दीपक चंद्रवंशी नगर संयोजक गोविंदा भामोरे नगर मठ मंदिर प्रमुख प्रवीण कुमार लाखेरे नगर मंत्री शिवम साहू जिला उपध्यक्ष छात्र परिषद राही साहू वार्ड अध्यक्ष समीर बाग नगर अध्यक्ष मुखेड़ प्रशांत साहू विक्की, अंशुल साहू आदि मौजूद रहे।

## रक्तदान है महादानः डीएसपी चौबे

**इनरव्हील क्लब ने अभिषेक ग्रुप के साथ लगाया रक्तदान शिविर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



सामाजिक संस्था इनरव्हील क्लब छिंदवाड़ा द्वारा गुरुवार 11 सितंबर के शुभ दिन अभिषेक पाटनी ग्रुप के साथ मिलकर जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक के सहयोग से अभिषेक हुंडई में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमे 35 रक्तवीरों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर जियो ओर जीने दो का संदेश दिया।

रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि यातायात डीएसपी. आर. पी. चौबे, विशिष्ट अतिथि नगर निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन उपस्थित रहे एवं अध्यक्षता वरिष्ठ समाज सेवी महेंद्र कुमार पाटनी ने की, जिनका इनरव्हील क्लब अध्यक्ष श्वेता पाटनी घई, प्रोजेक्ट डायरेक्टर चांदनी पाटनी एवं सचिव रोहिणी मेनन ने अभिनंदन किया।

इस अवसर मुख्य अतिथि श्री चौबे ने कहा कि रक्तदान महादान है क्योंकि यह सभी वर्ग एवं धर्म सम्प्रदाय के लिए आवश्यकता पढ़ने पर बिना किसी भेद भाव के उपलब्ध रहता है, इसमें कोई भी समुदाय - जाती पाती का भेद नहीं होता इसीलिए इसे महादान कहा जाता है, उन्होंने सुंदर आयोजन के लिए आयोजकों सहित रक्तदाताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### इन्होंने किया स्वैच्छिक रक्तदान

प्रोजेक्ट डायरेक्टर चांदनी पाटनी ने बताया कि रक्तदान शिविर में रेनू पाटनी, जूली पाटनी, हिना पाटनी, रेशमा खान, सुमित टेकनकर, आदित्य पैठे, महेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश पाटिलकर, कमलेश सूर्यवंशी, जितेंद्र बारस्कर, रजत राउत, संजय विश्वकर्मा, सोहेल खान, ऋषभ ठाकुर, ऋषभ पौवाड, नरेंद्र वंदेवार सहित कुल 35 रक्त वीरों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जियो ओर जीने दो का परिचय दिया।

## सांसद, भाजपा जिलाध्यक्ष, वरिष्ठ नेताओं कार्यकर्ताओं ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

# कार्यकर्ताओं और जनता का स्नेह ही मेरी वास्तविक पूंजी: पंडित दुबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई





जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष व चौरई क्षेत्र के पूर्व विधायक पं रमेश दुबे जी का गुरुवार को जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया सुबह से ही उनके निवास पर बधाई देने वालों की कतार लगी रही श्री दुबे ने ब्रम्हलीन पूज्य स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज का स्मरण करते हुए पूजन अर्चन कर वृक्षारोपण किया उसके बाद कार्यकर्ताओं ने दुबे परिवार की मौजूदगी में केक कटवाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी ।

साथ ही जरूरत मन्दो को ट्राई साइकिल का वितरण किया गया । नगर के सांदीपनी विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मेधावी छात्र छात्राओं को मप्र सरकार की योजनांतर्गत स्कूटी वितरित करते हुए श्री दुबे ने विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं गई शाला परिवार द्वारा केक काटकर श्री दुबे को जन्मदिन की बधाई दी गई उसके बाद श्री जोड़ा हनुमान मंदिर में पूजन अर्चन उपरांत समिति सदस्यों ने केक कटवाया।

श्री दुबे के जन्मदिन पर कम्युनिटी हाल में नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया जिसमें श्री दुबे भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव जी एवं जिले के अन्य भाजपा नेताओं के साथ शामिल हुए और मरीजों से उनका हालचाल जाना श्री दुबे को बधाई देने जिले के सांसद विवेक बंटी साहू जी भी पहुंचे उन्होंने श्री दुबे का स्वागत कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी शाम को सादगी सुंदरकांड ग्रुप द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया गया और श्री दुबे के दीर्घायु स्वस्थ जीवन की कामना की गई ।

## छिंदवाड़ा की ऐतिहासिक श्रीरामलीला 137वें वर्ष में प्रवेश, आज होगी वार्षिक बैठक

**छिंदवाड़ा।** देशभर में अपनी भव्यता और परंपरा के लिए विख्यात छिंदवाड़ा की श्रीरामलीला इस वर्ष अपने 137वें वर्ष में प्रवेश करने जा रही है। इस अवसर पर आगामी आयोजन को लेकर श्रीरामलीला मंडल द्वारा महत्वपूर्ण वार्षिक बैठक का आयोजन आज किया जा रहा है।बैठक का आयोजन शहर के स्थानीय श्रीराम मंदिर मानस भवन, छोटी बाजार में रात 9 बजे से किया जाएगा। इसमें आगामी रामलीला के सफल संचालन एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी।श्रीरामलीला मंडल के अध्यक्ष अरविंद राजपूत एवं सचिव राजेंद्र आचार्य ने बताया कि बैठक में मंचन की व्यवस्थाओं, पात्रों के चयन, धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला, नगर की सांस्कृतिक झांकी तथा सामाजिक सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने शहर के सभी दानदाताओं, पदाधिकारियों, कलाकारों एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे इस बैठक में उपस्थित होकर अपनी सुझाव एवं सहयोग प्रदान करें।ज्ञात हो कि छिंदवाड़ा की श्रीरामलीला न केवल जिले में बल्कि प्रदेश व देश के अनेक हिस्सों में प्रसिद्ध है। यहाँ होने वाली लीला में हजारों श्रद्धालु प्रतिवर्ष शामिल होकर धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण का आनंद उठाते हैं।

### सडक डिवाईडर से फिसलकर चालक हो रहे दुर्घटनाग्रस्त

**दमुआ।** न.पा. दमुआ के निकाय क्षेत्र वार्ड नं. 11 एव 14 तहत मुख्य बाजार एरिया क्षेत्र बेरियर के मुख्य सडक मार्ग के रास्ते में डिवाईडर नही होने से सी.सी. रोड के किनारे से प्रतिदिन वाहन चालक फिसल कर दुर्घटना ग्रस्त हो रहे है वाहन चालक के फिसल कर गिरने से कभी भी कोई बडी दुर्घटना या हादसा होता है तो इस जिम्मेदार कौन होगा नगर पालिका दमुआ प्रशासन , अधिकारी जनप्रतिनिधि जिसकी शिकायत आम जनता द्वारा कई नगर पालिका मे की गई किन्तु न.पा. के संबंधित अधिकारियो के कानो मे आज दिनांक तक जूं नही रेंग रही है।

**कार्यालय बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित (बी पैक्स) कपुर्दा**
**पंजीयन कमांक 847 दिनांक 31/10/1966**

क्र/क्यू/आमसभा/2025/ कपुर्दा दिनांकः 11 सितम्बर 2025

**वार्षिक आमसभा सूचना-पत्र**

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसयटी मर्यादित (बी पैक्स) कपुर्दा प. क 847 दिनांक 31/10/1966 समिति के समस्त अंशधारी कृषक सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की साधारण वार्षिक आमसभा बैठक दिनांक 25.09.2025 दिन गुरुवार को संस्था कार्यालय भवन कपुर्दा में दिन के 12.30 बजे आयोजित की गई है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्राथनीय है।

-: विषय सूची :- 1- आगामी वर्ष 2025-26 के लिये क्रिया कलापों एवं कार्यक्रमों पर विचार । 2- संचालक मण्डल के सदस्यों का निर्वाचन यदि कराया जाना अपेक्षित है, पर विचार। 3- वर्ष 2024-25-के अंकेक्षण प्रतिवेदन (संपरिक्षा प्रतिवेद) का अवलोकन कर स्वीकृति प्रदान करना। 4- वर्ष 2024-25 के शुद्ध लाभ के व्ययन बाबद पर विचार । 5- आगामी सहकारी वर्ष 2025-26 के लिये बजट प्रस्तुत करने बाबद पर विचार । 6- वितीय वर्ष 2024-25 में कार्य संचालन के कारण हुए घाटे के कारणों का परिक्षण करने बाबद विचार। 7- वर्ष 2025-26 लेखाओं की संपरीक्षा करने के लिये संपरीक्षक की नियुक्ति करने बाबद व विचार। 8- अधिनियम / उपविधि के प्रावधान अनुसार अतिशेष व्ययन के प्लान पर विचार। 9- अन्य विषय प्रशासक एवं आमसभा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से ।

नोटः. कोरम के अभाव में साधारण वार्षिक आमसभा की बैठक आधा घंटे के लिए स्थगित की जावेगी आधा घंटे पश्चात बैठक पुन उसी स्थान पर प्रारंभ की जावेगी जिसमें कोरम की आवश्यकता नहीं होगी।

श्रीमती रीता पटेल, प्रशासक | रमेश वर्मा, प्रबंधक

**सेवा सहकारी समिति मर्यादित कपुर्दा तह.-चौरई, जिला-छिन्दवाड़ा**

## 35 प्रतिभावान विद्यार्थियों को मिली स्कूटी



**पांढुर्ना।** आज स्थानीय सांदीपनी विद्यालय में विकासखंडस्तरीय समारोह में 35 होनहार छात्र छात्राओं को स्कूटियों का वितरण किया गया। यह स्कूटियां म.प्र. शासन द्वारा शिक्षा प्रोत्साहन योजनांतर्गत पात्र विद्यार्थियों को दी गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कलेक्टर अजय देव शर्मा मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे मौजूद रहे। स्कूटी वितरण समारोह में कलेक्टर अजय देव शर्मा तथा नपा अध्यक्ष संदीप घाटोडे ने प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित करते हुए स्कूटी की प्रतिकात्मक चाबियां उन्हें सौंपी। कलेक्टर अजय देव शर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर वृद्धि कर रहे पांढुर्ना जिले के समस्त विद्यालयों की सरहाना करते हुए स्कूटी के लिए पात्र 35 छात्र छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं दी। नपा अध्यक्ष संदीप घाटोडे ने म.प्र. शासन की शैक्षणिक नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि गरीब से गरीब और अंतिम छोर के व्यक्ति के बच्चे शिक्षा से वंचित ना रहने पाए यही म.प्र. शासन की मंशा है।

इस समारोह में नगरमंडल अध्यक्ष बंटी छागानी, भाजपा नेता अजय सिंह चौहान, पार्षद लोचन खवसे, उमेश उरकडे, प्रदीप कामदार, महेश गिरारे, महेंद्र घोडे, सोनू बागडे, दुर्गेश उईके, बीईओ एचबी हांडे, उपप्राचार्य मीना कवडे, संजय मलिक, शेषराव लोनकर, वैशाली सोमकुंवर, पुरूषोत्मम आखरे, मोरेश्वर सोनकुसरे, वसंता तुमडाम तथा परेश कवडेती आदि प्राचार्यगण उपस्थित थे।

### मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष की उपस्थिति में हुआ सम्पन्न

# उत्कृष्ट विद्यालय में 22 स्कूटी का हुआ वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

गुरुवार को मध्य प्रदेश शासन के द्वारा, महात्वाकांक्षी योजना के तहत उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले छात्र छात्राओं को स्कुटी वितरण कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय में किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेश चौपडे पुर्व मंडल अध्यक्ष शिवराम चौरसिया, पुर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत गोलू नागरे एवं बीईओ लक्ष्मीकांत मिश्रा, रामचंद्र बोबडे नगर परिषद अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे के द्वारा मां सरस्वती कि पुजन अर्चना के पश्चात मुख्यमंत्री का लाईव प्रसारण देखा इसके पश्चात संस्था के द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन देकर बच्चों को प्रेरित किया और बिछुआ संकुल के अंतर्गत 12 विद्यालय के छात्र छात्राओं को 22 स्कुटी की चाबी भेंट किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित प्राचार्य व्ही के पडोले, मंडल अध्यक्ष गोपाल कवरेती,नेमीसिंह रघुवंशी ,बलदेव बोबडे ,राजेश रघुवंशी उपाध्यक्ष, हिम्मत सोनी,रामराज वर्मा,भोजेलाल वर्मा, असलम खान, मनोज साहू, हेमराज माडेकर,सोहन वर्मा ,दिमागचंद मालवीय, दशरथ साहू महा मंत्री , हरिचंद चौधरी, नंदकिशोर साहू, राधेश्याम केवटे,भुरा चौपडे,लक्ष्मण साहू,सुखमनी उईके,मंच संचालन जीवनसिह रधुवंशी, शिक्षक एवं शिक्षिका,छात्र छात्राएं आदि मौजूद रहे।

## मोया स्कूल का किया आकस्मिक निरीक्षण

**बिछुआ।** गुरुवार को कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार DGM SIR MPJNM के अधिकारी श्री बसंत बेलवंशी के द्वारा विकास खंड बिछुआ के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोया का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम DGM sir के द्वारा लाइब्रेरी एवं प्रयोगशाला का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान लाइब्रेरी एवं प्रयोगशाला संचालित पाई गई।तत्पश्चात समस्त कक्षाओं में जाकर बच्चों से वार्तालाप कर छात्रों के शैक्षिक स्तर की जांच की गई।बच्चों के लिए कैरियर मार्गदर्शन की कार्यशाला आयोजित करने हेतु शिक्षकों को निर्देशित किया गया।अंत में समस्त शैक्षिक स्टाफ से भी चर्चा की गई एवं DGM सर के द्वारा स्कूल की साफ सफाई ,शौचालय की व्यवस्था, शुद्ध पेय जल की व्यवस्था की सराहना की गई।



## वनग्राम समिति ने किया एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण



**जुन्नारदेव।** एक पेड़ मां नाम अभियान अंतर्गत खुमकाल सेक्टर 01 के ग्राम पंचायत मनकूघाटी प्राथमिक शाला मिरदाखेड़ा में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति परिवर्तित दृष्टि सामाजिक विकास एवं कल्याण संस्था तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मिरदाखेड़ा के सहयोग से प्राथमिक शाला मिरदाखेड़ा परिसर में 5 पौधे लगाया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ब्लाक समन्वयक संजय कुमार बामने ने कहा कि वातावरण पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक संख्या में पौधे लगाना है ।तथा उनकी सुरक्षा भी करना है तभी हम वातावरण को स्वच्छ बना पाएंगे।

## नगर पालिका में प्रेसीडेन्ट इन कॉउंसिल की बैठक संपन्न



**जुन्नारदेव।** नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव की पी आई सी बैठक अध्यक्ष रमेश सालोडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई।नगर पालिका सभाकक्ष में आयोजित बैठक में नगर विकास के विभिन्न निर्माण कार्यों की न्यूनतम दरों को स्वीकृति प्रदान का अनुमोदित किया गया। जिसमें दीनदयाल रसोई भवन निर्माण,पं.रविशंकर स्कूल परिसर में शौचालय निर्माण,वार्ड क्र. 08 में आर.सी.सी. नाली निर्माण ,वार्ड क 12 में रंगमंच निर्माण कार्य नूतन दुर्गा मंदिर के सामने,वार्ड क्र.12 में पेवर ब्लॉक स्थापना कार्य अनिल बजरे से मारूति चौकीकर के घर तक, वार्ड 12 में सी.सी.रोड निर्माण कार्य राम पारस से सिद्दीक मंजिल तक आदि कार्यों की प्राप्त न्यूनतम दर की स्वीकृति के संबंध में नगर पालिका परिषद की प्रेसीडेन्ट इन कॉउंसिल बैठक में विचार एवं निर्णय लेते हुए सर्वसम्मति से पास किया गया। इस अवसर पर सभापति लता देवेंद्र टांडेकर , दीप्तिकांता हरि साहू सीमा कैलाश चौरसिया ,नीता शरद कुरोलिया,राजेंद्र सूर्यवंशी, प्रमिला विजय पाल ,लक्ष्मी चंद्रवंशी उपस्थित थे।

# इंटरनेशनल बॉडी बिल्डिंग खिलाड़ी का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



बीते दिनों जुन्नारदेव की होनहार युवा व बॉडीबिल्डर योगेश राठौर के बॉडीबिल्डिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप इंटरनेशनल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आने के बाद कल परासिया स्थित लायंस जिम के सदस्यों ने उनका आत्मिक सम्मान किया. जिम के संचालक व कोच विजय वाडवुदे,अजय वाडवुदे के द्वारा बॉडीबिल्डर व इंटरनेशनल खिलाड़ी योगेश राठौर को पुष्प गुच्छ देकर वह माला पहनाकर उनका सम्मान किया. इसके साथ ही जिम संचालक के द्वारा उन्हें मेमोंटो प्रदान कर आगामी भविष्य में और भी उन्नति प्राप्त करने की बात की. इस अवसर पर बॉडीबिल्डर योगेश राठौर ने अपने अनुभव सांझा करते हुए व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में अब तक के सफर के लिए अपने कोच व मार्गदर्शन विजय वाडवुदे का आभार व्यक्त किया.इस मौके पर जिम के सदस्य शेख इजराइल, विनोद राजपुर, वरुण धुर्वे,सौरव घारु, देवेश,अजय सिंह, संतोष सुमन, सिद्धार्थ पवन दुबे,काशिफ खान,प्रिंस यादव सहित अन्य जिम सदस्यों उपस्थित थे.

## डिवाइडर पर होर्डिंग, दुर्घटनाओं को आमंत्रण

**पांढुर्ना। आगामी त्यौहारी सजन को देखते हुए नगर के मेन रोड पर डिवाइडर** पर होर्डिंग लगाए जा रहे है जो खुलेआम कानून का उल्लंघन है। ज्ञात हो कि नगरपालिका में पूर्व में इस आशय का प्रस्ताव भी पारित है कि डिवाइडरों के बीच खंभों पर होर्डिंग बैनर नहीं लगाए जाएंगे। इसका मुख्य कारण यह है कि डिवाइडरों पर होर्डिंग बैनर लगने के कारण दोनों साइड से चलने वाली बडे वाहनों को साईट क्लियरन्स दिखाई नहीं देता और सडक दुर्घटना की संभावना काफी बढ जाती है। आज सुबह से ही सडक के बीच नागपुर के खंडेलवाल ज्वेलर्स के मध्यम साइज के होर्डिंग डिवाइडर के बीचोबीच लगाए गए। नगरपालिका सूत्रों से ज्ञात हुआ कि खंडेवाल ज्वेलर्स द्वारा इस संबंध में कोई अनुमति नहीं ली गई है। यह सभी होर्डिंग अवैध रूप से लगाए गए है जिस पर नियमानुसार कारवाई होगी और यह बैनर पोस्टर जब्त किए जाएंगे।



## नेशनल लोक अदालत का आयोजन कल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट प्रणेश कुमार प्राण के कुशल मार्गदर्शन एवं सतीश शर्मा सचिव ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट एवं विशेष न्यायाधीश वारासिवनी श्रीमती कविता इवनाती के निर्देशन में आगामी 13 सितम्बर 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय वारासिवनी में किया जा रहा है।

नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित प्रकरण जैसे आपराधिक शमनीय प्रकरण, चेक बाउंस प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, श्रम प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विद्युत एवं जलकर, संपत्ति कर संबंधी प्रकरण एवं दीवानी मामले, राजस्व मामले एवं अन्य प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामा के माध्यम से किया जावेगा।

नगरपालिका, नगर पंचायतों के प्रकरणों में आपसी राजीनामा के आधार पर एकमुश्त राशि पर अधिभार में नियमानुसार छूट प्रदान की जाती है। इसी प्रकार विद्युत विभाग के प्रकरणों के निराकरण पर भी एकमुश्त भुगतान पर अधिभार की राशि में नियमानुसार छूट प्रदान की जाती है। आपसी राजीनामा से प्रकरणों के निराकरण पर किसी पक्ष की हार नहीं होती, बल्कि दोनों पक्षों में आपसी भाईचारा बढ़ता है, मुकदमेबाजी पर हो रहे समय, श्रम व धन के व्यय की बचत होती है और व्यक्ति तनावमुक्त जीवन का आनंद प्राप्त करता है।

### सांसद जी, ध्यान दीजिए जान-जोखिम में डालकर पटरियां लांघ रहे विद्यार्थी

# सड़क खराब खतरे में डाल रहे 'अनमोल जिंदगी'

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** मेरा नाम शेख शाबिर है मैं वार्ड क्रमांक 12 छतेरा का निवासी हूं. मेरा नाम रोशनी गोड़गे है मैं छात्रावास में रहकर पढ़ाई करती हूं. मेरा नाम भविष्य पटले है और मैं सेलवा गांव का रहने वाला हूं. मेरा नाम विकास घुरसारिया है मैं कटंगी रहता हू बड़गांव के एक सरकारी स्कूल में पढ़ाने जाता हूं. यह अलग-अलग 4 लोग है. इसमें शिक्षक, छात्र, छात्रा और आम आदमी शामिल है लेकिन इन चारों को हर दिन कटंगी से छतेरा-सेलवा की ओर जाने वाली रेलवे की एप्रोच रोड़ से गुजरने के दौरान एक ही तरह का दर्द होता है. मगर, उनका दर्द सुनने वाला कोई नहीं है. सत्ताधारी दल के सांसद और विधायक जनता के बीच कम और सोशल मीडिया में ज्यादा एक्टिव नजर आते है. यहीं वजह है कि क्षेत्र और जिले की जनता किन समस्याओं से गुजर रही है उसका इन नेताओं का आभास भी नहीं है. अगर, ऐसा ना होता तो शायद जनता को जिन परेशानियों से दो-चार ना होना पड़ रहा है उनका निराकरण हो चुका होता. सांसद भारती पारधी को शायद यह बात नहीं मालूम होगी कि उनके जिले के कटंगी रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली एप्रोच रोड़ की हालत इतनी खराब है कि दर्जनों विद्यार्थी सड़क से आवागमन करने की बजाए अपनी अनमोल जिंदगी को दांव पर लगाकर मालगाड़ी के नीचे से आवागमन करने को मजबूर है।

कटंगी से छतेरा-सेलवा होकर करीब दर्जन भर से अधिक गांवों को तहसील मुख्यालय से जोड़ने वाला रेलवे का एप्रोच मार्ग करीब 05 वर्षों से बदहाल पड़ा है. इस सड़क के निर्माण के लिए एक नहीं बल्कि कई बार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर डीआरएम को ज्ञापन सौंपा गया और समय-समय पर सांसद को भी अवगत करवाया गया. नेता और अधिकारी एक सुर में जनता को यह आश्वासन देते रहे शीघ्र ही निर्माण होगा किंतु आज तक निर्माण नहीं हो पाया है जबकि रेलवे की एप्रोच सड़क के जिस हिस्से का एक वर्ष पहले ही निर्माण हुआ है. भारी वाहनों की आवाजाही से उसके भी धुर्रे उड़ने लगे है. एप्रोच रोड़ की हालत खराब होने की वजह से सर्वाधिक परेशानी स्कूली विद्यार्थियों को होती है. उन्हें साइकिल चलाने में काफी दिक्कतें होती है वह कई बार सड़क के गड्डों में गिरकर घायल और चोटिल हो चुकी है. ऐसे में बदहाल सड़क से आवागमन करने से बचने के लिए विद्यार्थी अपने नाजुक कंधों पर साइकिल लादकर पटरियां पार करते है. वही जब कभी पटरियों पर मालगाड़ी खड़ी हो जाए तो अपनी अनमोल जिंदगी को दांव पर लगाकर मालगाड़ी के नीचे से आवागमन करते है. ऐसा ही दृश्य गुरुवार को देखने को मिला. बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थियों, आम राहगीरों को मालगाड़ी के नीचे से गुजरते हुए देखा गया।



बता दें बारिश के बाद रेलवे की एप्रोच रोड़ पर सड़क तलाश करना मुश्किल हो गया था. हर जगह गड्डे ही गड्ढे हो गए थे जिससे दोपहिया और चार पहिया वाहनों को आवागमन करने में परेशानी हो रही थी. करीब सप्ताह भर पहले सेलवा निजी मैंगनीज खदान के एक वाहन ने गड्ढों की वजह से करवट ले ली. इस घटना के बाद सेलवा खदान से वेस्ट मटेरियल लाकर गड्ढों में डाल दिया गया. बारिश के बाद वेस्ट मटेरियल कीचड़ और फिसलन में तब्दील हो गया है. जिससे समस्या और अधिक बढ़ गई है. सड़क खराब होने से हर दिन कोई ना कोई गिरकर चोटिल हो रहा है. बता दें कि छतेरा, सेलवा सहित अन्य गांवों के लोगों ने काफी लंबे वक्त तक कटंगी छतेरा-सेलवा मार्ग पर ओवरब्रिज बनाने की मांग की. उनकी इस मांग को रेल अधिकारियों ने तकनीकी समस्या का हवाला देते हुए अनसुना कर दिया और करीब 02 किमी. का एप्रोच रोड़ जिसमें एक अंडरब्रिज भी शामिल है उसका निर्माण करवाया गया. जितनी लंबाई में एप्रोच रोड़ बनकर तैयार हुआ उसमें निम्नस्तरीय कार्य होने के कारण उसकी हालत चंद महिनों में ही खराब हो गई और शाम होते ही इस मार्ग पर अंधेरा छा जाता है जिससे राहगीरों के साथ अनहोनी का खतरा बना रहता है।

छतेरा निवासी शेख साबिर बताते है कि नैरोगेज के दौरान सिंगल लाइन थी ऐसे में केवल तीन कदम की दूरी में पटरी लांघकर कटंगी से छतेरा की जमीं पर आना-जाना हो जाता था. ब्रॉडगेज के बाद सब कुछ बदल गया. तीन कदम की दूरी तीन किलो की हो गई. अब फेरा लगाकर आना-जाना करना पड़ता है. सड़क की हालत इतनी खराब है कि हादसे का डर बना रहता है।

### राजनीतिक लाभ पाने महाविद्यालय को बदनाम कर रहे जपं उपाध्यक्षः सोनवाने

## शासकीय महाविद्यालय लांजी में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा पर उठे सवाल, प्राचार्य ने आरोपों को किया खारिज



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** शासकीय महाविद्यालय लांजी में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा और शैक्षणिक माहौल को लेकर उठाए गए सवालों पर प्राचार्य आर.आर. सोनवाने ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह आरोप राजनीतिक लाभ पाने की मंशा से लगाए गए हैं। प्राचार्य सोनवाने ने कहा, महाविद्यालय में बिना प्रवेश असामाजिक तत्वों की मनमानी से छात्र-छात्राएं परेशान हो रही है और ऐसे असामाजिक तत्वों का मेरा संरक्षण प्राप्त है, यह सिर्फ महाविद्यालय को बदनाम करने और राजनीतिक लाभ पाने का हथकंडा है। उन्होंने आगे कहा, मैं यहां जब से पदस्थ हुआ हूंए तब से महाविद्यालय ने कितनी प्रगति की है, यह मुझे उन्हें बताने की जरूरत नहीं है। यहां के परिणाम ही ऐसे सवालों के लिए हमारा जवाब हैं। प्राचार्य सोनवाने ने यह भी कहा कि जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे ने कभी भी व्यक्तिगत तौर पर महाविद्यालय में हो रही गतिविधियों के विषय में शिकायत नहीं की और न ही कभी महाविद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह आरोप निराधार हैं और महाविद्यालय को बदनाम करने की कोशिश है।महाविद्यालय में पढ़ाई का माहौल अच्छा है और छात्रों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

इस मामले में शासकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कहा की महाविद्यालय में हमें पढ़ाई करने के लिए अच्छा वातावरण मिल रहा है। यहां के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा नियमित अध्यापन कार्य कराया जा रहा है। साथ ही यहां के सीनियर छात्रों द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों का पूरा ध्यान रखा जाता है। इसके साथ ही यहां कोई भी असामाजिक तत्व कभी प्रवेश नहीं करते हैं। अच्छे माहौल में पढ़ाई हो रही है। छात्रों ने कहा कि जो भी आरोप प्राचार्य पर लगाए गए हैं, वह पूरी तरह निराधार हैं और प्राचार्य आर.आर. सोनवाने की गरिमा को ठेस लगाने का कार्य है। इसके साथ ही यहां अध्यनरत लगभग 1600 छात्रों की प्रतिष्ठा पर भी कुठाराघात है। ऐसे में जनपद उपाध्यक्ष को स्वयं महाविद्यालय आकर अपने इस झूठे बयान के लिए प्राचार्य एवं छात्र-छात्राओं से क्षमा मांगनी चाहिए। छात्रों ने आगे कहा कि जनपद उपाध्यक्ष के इस बयान से महाविद्यालय की छवि खराब हुई है और इससे छात्रों के मनोबल पर भी असर पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि जनपद उपाध्यक्ष को अपने बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए और भविष्य में ऐसे बयान देने से बचना चाहिए।

### ग्राम टेडवा में अहातों के संचालन पर सरकार के नियमों की अनदेखी

## शराब दुकान के पास बिना रोकटोक संचालित हो रहे अहाते, जिम्मेदार जानकर भी बने अंजान



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी थानांतर्गत ग्राम टेडवा में शराब दुकानों के पास बिना रोकटोक संचालित हो रहे अहातों को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि शराब दुकानों के पास अहातों के संचालन से इलाके में अपराध और असामाजिक गतिविधियों में वृद्धि हो रही है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी जानकर भी अनजान बने हुए हैं। साथ ही शराब दुकानों के पास अहातों के संचालन पर सरकार के नियमों की अनदेखी की जा रही है। इस मामले में स्थानीय लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। वहीं इन अहातों में घरेलू गैस का उपयोग किया जा रहा है, जो कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकता है। शराब दुकान मेन रोड के किनारे और ग्राम के बीचो-बीच में स्थित है, और यहां आहते संचालित करना नियमों के विरुद्ध है। मध्य प्रदेश शासन के सख्त निर्देश हैं कि शराब दुकानों के आसपास अहाते नहीं चलाए जाएं। इसके बावजूद शराब दुकान के ठेकेदार ने अपनी शराब दुकान के आसपास अहाते खुलवा दिए हैं। इन अहातों में शराब प्रेमी शराब पीने के लिए धड़ल्ले से बेखौफ और बेरोकटोक होकर बैठते हैं, जो नियमों के विरुद्ध है। ग्रामीणों ने चिंता व्यक्त की है कि आहतों में घरेलू गैस का उपयोग किया जा रहा है, जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने इस मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि शराब दुकान के पास संचालित आहतों को बंद किया जाए और नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। इससे ग्राम की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनी रहेगी।

## विधिक जागरूकता शिविर में विद्यार्थियों को दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी के तत्वाधान में एक निजी शिक्षण संस्था में न्यायाधीश श्रीमती दिव्या सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी वारासिवनी की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जागरूकता शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को पास्को अधिनियम यानी लैंगिक अपराधों से बालकों का सरंक्षण अधिनियम के बारे में जानकारी देते हुए श्रीमती सिंह ने बताया कि यह अधिनियम बाल यौन शोषण से संबंधित कानून है और आज का यह जागरूकता शिविर बाल यौन शोषण से संबंधित कानूनों से अवगत कराने के लिये आयोजित किया गया है। शिविर में बच्चों को ''अच्छा और बुरा स्पर्श'' यानी गुड टच एण्ड बैड टच की पहचान करना, बच्चों को यौन अपराधों से बचाने के लिये उनके अधिकारों के बारे में बताने और इस संबंध में कानूनी प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

उन्होंने बच्चों को बताया कि यदि वे विद्यालय में, अपने आस-पड़ोस में या अपने परिवार में स्वयं को असहज महसूस करते हैं, तो ऐसी स्थिति के बारे में अपने माता-पिता को सर्वप्रथम सूचित करें। इस आयोजित शिविर से मिली जानकारी को अपने परिवार और समाज में साझा करें। विद्यालय से आते एवं जाते समय मोटर यान संबंधी नियमों को भी ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि वाहन चलाने के लिये 18 वर्ष की आयु पूर्ण करना आवश्यक है, ड्राइविंग लाइसेंस का होना एवं वाहन का पंजीकरण एवं बीमा होना आवश्यक है। विद्यार्थियों को दाएं-बाएं साइड के बारे में जानकारी दी गई।

जागरूकता शिविर में विद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र मिश्रा सहित स्टाफ व लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने उपस्थित रहकर शिविर का लाभ उठाया।

## खबर संक्षेप

### जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में किसानों को यूरिया एवं अन्य उर्वरकों की आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है। कलेक्टर सिवनी एवं उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा प्रतिदिन भंडारण एवं वितरण की समीक्षा की जा रही है। जिले की 57 सहकारी समितियों में यूरिया 1489 मी.टन, डीएपी 747 मी.टन, एनपीके 441 मी.टन, एमओपी 205 मी.टन एवं एसएसपी 1450 मी.टन उपलब्ध है। इसी प्रकार डबल लॉक केन्द्रों में यूरिया 1675 मी.टन, डीएपी 2405 मी.टन, एनपीके 590 मी.टन, एमओपी 175 मी.टन तथा एसएसपी 568 मी.टन भंडारित है। जिला मार्केटिंग सोसायटी के पास यूरिया 60 मी.टन, डीएपी 115 मी.टन एवं एसएसपी 41 मी.टन उपलब्ध है। वहीं निजी फुटकर विक्रेताओं के पास यूरिया 968 मी.टन, डीएपी 823 मी.टन, एनपीके 467 मी.टन, एमओपी 123 मी.टन एवं एसएसपी 2334 मी.टन का भंडार है। उपसंचालक कृषि ने बताया कि सभी केन्द्रों से उर्वरक विक्रय सुचारू रूप से प्रारंभ है।

# सिवनी के आभाष रहांगडालेः सातवें प्रयास में भारतीय सेना के अधिकारी बने, IIT पैकेज ठुकराकर चुनी देशसेवा की राह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी जिले का नाम आज गर्व से गूंज रहा है। जिले के युवा आभाष रहांगडाले ने सातवें प्रयास में भारतीय सेना में अधिकारी (लेफ्टिनेंट) बनकर असाधारण उपलब्धि हासिल की है। 6 सितम्बर को ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकैडमी (OTA), गया से कठोर सैन्य प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उन्हें भारतीय सेना में राजपत्रित अधिकारी के रूप में कमीशन प्राप्त हुआ। यह सफलता न सिर्फ उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे जिले के लिए सम्मान का विषय है।



### शिक्षा से सेवा तक का सफर

आभाष ने अपनी स्नातक की पढ़ाई राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), भोपाल से की। इसके बाद GATE परीक्षा में 291वीं रैंक प्राप्त कर IIT खड़गपुर में M.Tech में प्रवेश लिया। यहां उन्हें 16 लाख वार्षिक का पैकेज भी ऑफर हुआ, मगर उनका मन कॉर्पोरेट करियर में नहीं, बल्कि देश सेवा की वर्दी में था। उन्होंने आराम और सुविधाओं से भरे जीवन को ठुकराकर भारतीय सेना का कठिन रास्ता चुना।

### 6 बार असफलता, सातवें प्रयास में जीत

आर्मी में अधिकारी बनने की राह आसान नहीं थी। आभाष को लगातार छह बार असफलता मिली, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। सातवें प्रयास में आखिरकार उनका चयन हुआ और उन्होंने यह साबित कर दिया कि सच्चा जुनून और दृढ़ निश्चय किसी भी बाधा को पार कर सकता है।

### शिक्षक माता-पिता से मिले संस्कार

आभाष के पिता श्री दिकपाल सिंह रहांगडाले और माता श्रीमती रेवंता रहांगडाले, दोनों ही शिक्षक हैं। घर में मिले संस्कारों ने ही उन्हें सिखाया कि सफलता का मापदंड पैसे या पद नहीं, बल्कि समाज और देश के लिए किया गया योगदान है। इन्हीं मूल्यों ने आभाष को असली योद्धा बनाया।

### कलेक्टर सुश्री जैन से आत्मीय भेंट

भारतीय सेना में अधिकारी बनने के बाद बुधवार 10 सितम्बर को आभाष ने कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन से आत्मीय भेंट की। कलेक्टर सुश्री ने उन्हें सफलता की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। उनका संघर्ष और लगन युवाओं को प्रेरित करने वाला है।

भेंट के दौरान कलेक्टर सुश्री जैन ने उन्हें जिले की शासकीय प्राथमिक शालाओं में जनसहयोग से डेस्क उपलब्ध कराने हेतु चलाई जा रही "गिफ्ट अ डेस्क" मुहिम की जानकारी दी। इस पर आभाष ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा— यह केवल एक डेस्क दान करने का कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को मजबूत करने का प्रयास है। शिक्षा की नींव तभी मजबूत होगी जब बच्चों को बुनियादी सुविधाएँ मिलें। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से आग्रह किया कि इस मुहिम में सक्रिय भागीदारी करें और विद्यालयों की सुविधाओं को बेहतर बनाने में योगदान दें। जब समाज मिलकर शिक्षा में निवेश करता है, तभी सच्चा विकास संभव होता है।

### युवाओं के लिए संदेश

लेफ्टिनेंट आभाष रहांगडाले ने युवाओं से कहा— मैंने IIT, NIT और कॉर्पोरेट करियर को नजदीक से देखा है, लेकिन आत्मा की तृप्ति सिर्फ वर्दी पहनकर देश की सेवा करने में है। असफलताएँ मुझे बार-बार गिराने आईं, लेकिन मेरा जुनून हर बार मुझे खड़ा करता गया। अगर आपके सपनों में देश है, तो हार का डर मन से निकाल दो। सफलता देर से मिलेगी, लेकिन जब मिलेगी तो वह पूरे समाज की होगी।

# वनग्राम लेहड़ीकोल को राजस्व में परिवर्तित करने की प्रक्रिया शुरू



**घंसौर।** विकास खंड के बरगी बांध से विस्थापित एवं प्रभावित वनग्राम लेहड़ीकोल को राजस्व में परिवर्तित करने में आ रही बाधा को लेकर ग्रामीणों ने विगत दिनों सिवनी कलेक्टर से चर्चा किया था। चर्चा में ग्रामीणों ने बताया कि सरकारी अमला गांव के अंदर के सीमा में आने वाले जमीन का सर्वे करने की बात कर रहे हैं जबकि ग्रामीणों का गांव की सीमा के बाहर वन भूमि पर कब्जा है जिसका वन अधिकार कानून 2006 में वर्णित प्रावधानों के अन्तर्गत वन अधिकार पत्र अधिकांश लोगों को मिल चुका है, कुछ लोगों को वन अधिकार पत्र मिलना बाकि है। ग्रामीणों ने कलेक्टर महोदया से कहा कि जहां तक कब्जा है और अधिकार पत्र मिल गया है वहां तक की जमीन गांव की सीमा में शामिल किया जाए। कलेक्टर महोदया ने मांग को स्वीकार करते हुए आश्वस्त किया कि पट्टे वाली वन भूमि को गांव की सीमा के अंदर शामिल किया जाएगा। लेहड़ीकोल में 115 परिवारों को वन अधिकार पत्र प्राप्त हुआ है। पूर्व में सरकारी अमला द्वारा गांव सीमा के बाहर की खेती वाली जमीन को शामिल नहीं करने के कारण गतिरोध बना हुआ था।

वन अधिकार मान्यता कानून 2006 की धारा 3(1) (ज) एवं बहुपठित 3(1)(छ) के तहत वन ग्रामों के समस्त पट्टेधारियों के पट्टों को वन अधिकार पत्र में सम्परिवर्तन करने का प्रावधान है। कानून में दिया गया है कि वनों के सभी वन ग्रामों, पुराने आवासों, असर्वेक्षित ग्रामों के बसने और संपरिवर्तन के अधिकार, चाहे वे राजस्व ग्रामों में लेखबद्ध हों, अधिसूचित हों अथवा नहीं। मध्यप्रदेश का जनजातीय कार्य विभाग भोपाल द्वारा 16 अप्रैल 2025 को वन ग्रामों के लिए दिशानिर्देश जारी जारी करते हुए कहा है कि वन विभाग के नक्शे में वन ग्राम की जो बाह्य सीमा दर्शायी गयी है उसका स्थल सत्यापन करना होगा। वन अधिकार समिति और वन विभाग के कर्मचारी तथा पटवारी साथ - साथ वन ग्राम सीमा का भ्रमण कर मुनारों के स्थान का सत्यापन करेंगे। इससे वन ग्राम की बाह्य सीमा की समझ बनेगी। बाह्य सीमा निर्धारण के बाद पूरे क्षेत्र का नक्शा जीपीएस से सर्वे कर वन अधिकार समिति, वन रक्षक तथा पटवारी संयुक्त रूप से तैयार करेंगे। ज्ञात हो कि पूर्व में मध्यप्रदेश में 925 वन ग्राम थे जो अब विभिन्न कारणों से 827 बचे हैं। सिवनी जिले के कुल 28 वन ग्रामों का भी उपरोक्त प्रावधानों के अनुसार राजस्व ग्रामों में परिवर्तित किया जाना है।

समस्याओं का हल करने के लिए ग्राम पंचायत बगदरी की सरपंच सुशीला नरेती और वन ग्राम लेहड़ीकोल की हल्की बाई कुरोपा, रामकली बाई उईके, दान सिंह काकोडीया, रणबीर मरापा, धरम सिंह कोकडिया, बृजलाल चिचाम, देवक राम मरापा आदि ने कलेक्टर सिवनी का आभार व्यक्त किया है।

# उड़नदस्ता ने पकड़ा सोयाबीन से भरा ट्रक

## स्थानीय कर्मचारी अनजान, बाहर से आई टीम ने दबोचा

### सागर संभाग से हो रही टेक्स एवं राजस्व की चोरी

**संयुक्त संचालक मंडी बोर्ड आंचलिक कार्यालय जबलपुर के मार्गदर्शन में बुधवार 10 सितम्बर को संभागीय उड़नदस्ता दल ने मेटेबानी-खवासा नागपुर रोड पर बड़ी कार्रवाई की।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



इस दौरान ट्रक (क्रमांक एमएच 49 टी 1184) को पकड़ा गया। जांच में सामने आया कि ट्रक में छतरपुर से नागपुर (महाराष्ट्र) ले जाई जा रही 250 क्विंटल 15कि सोयाबीन की अवैध खेप भरी थी। मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19(6) के तहत कार्रवाई करते हुए ट्रक को जब्त कर पंचनामा मंडी सचिव सिवनी प्रकाश मार्को को सौंपा गया। इस दौरान कुल 85448 रुपए की वसूली की गई।

सूत्रों के अनुसार यह ट्रक छतरपुर के एक कूचिया व्यापारी का है, जो गैर-अनुज्ञप्तिधारी बताया जा रहा है। कूचिया व्यापारी का नाम बताकर मंडी शुल्क जमा कर फ्री हो गए। ऐसा तो नहीं सोयाबीन चोरी का तो नहीं ? स्थानीय कर्मचारियों की अनभिज्ञता और लापरवाह रवैये से मंडी क्षेत्र में धड़ल्ले से अनाज का अवैध परिवहन जारी है। वहीं, जबलपुर का उड़नदस्ता लगातार कार्रवाई कर रहा है। इससे मंडी की चुप्पी और ढिलाई पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

#### वसूली का विवरण

पाँच गुना मंडी शुल्क - 67,040
निराश्रित शुल्क - 13,408
समझौता शुल्क- 5,000
कुल वसूली: - 85,448

# पापुलर समर सैट करायेगी वेटरन हॉकी चैंपियन ट्राफी

### आयोजन समिति का किया गया गठन, अरशद खान बनाये गये अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



गत 9 सितंबर 2025 को समर सैट क्लब के अध्यक्ष मिंटू पाशा के निवास स्थान पर प्रतियोगिता के आयोजन हेतु एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समर सेट के आरिफ खान एवं अरशद सिद्दीकी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के संबंध में 40 + 7 साइट के साथ-साथ फीडर सेंटर एवं खेलो इंडिया के 18 वर्ष तक के खिलाडियों की एक प्रतियोगिता कराई जाने का निर्णय किया गया है। उक्त संबंध में आयोजन समिति का गठन किया गया है जिसमें सर्वसम्मति से संरक्षक धन्नालाल गौर, अमर बी सिंग, आबिद पटेल एवं अध्यक्ष अरशद खान सेवानिवृत पुलिस एवं उपाध्यक्ष गफ्फार खान फिरदौस खान, देवेंद्र सिंग ठाकुर पी टी आई, खालिद उमर, शान खान सचिव, श्याम सिंह धुर्वे सेवानिवृत पुलिस, सहसचिव अलीम खान मध्य प्रदेश पुलिस एवं कोषाध्यक्ष हामिद खान एवं सदस्य, मुस्तफा खान, अ.कलाम खान, अरशद सिद्दीकी एवं आरिफ खान, एड. फिरोज कुरैशी को चुना गया है। प्रतियोगिता के संबंध में निर्णय लिया गया है कि दिनांक 13 सितंबर 2025 को समय 4.30 बजे भाग लेने वाली टीमों के सभी टीमों के प्रतिनिधि सदस्य एवं समिति सदस्यों की एक आवश्यक बैठक एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान में रखी गई है इसी दिन प्रतियोगिता आयोजन की तिथि का निर्णय लिया जाएगा। बैठक में समीर खान, आसिफ लाल, असद खान, रशीद कुरेशी, फैसल खान, फैयाज खान, सिफत खान, अनीश खान, फैसल भाई मथा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजनांतर्गत जिले के 353 संबल हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता राशि का वितरण किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

श्रम पदाधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि दिनांक 09.09.2025 को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना की अनुग्रह सहायता राशि का हितलाभ वितरण हितग्राहियों को मुख्यमंत्री कार्यालय में एंटी चेंबर से सिंगल क्लिक के माध्यम से किया गया।

उन्होंने बताया कि उक्त हितलाभ कार्यक्रम में सिवनी जिले के कुल 353 संबल हितग्राहियों के खातें में कुल 78200000/- (सात करोड़ बयासी लाख) की अनुग्रह सहायता राशि सिंगल क्लिक कर डी.बी.टी के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के खातों में भुगतान की गई। हितलाभ वितरण कार्यक्रम का लाईव प्रसारण जिला स्तर पर एन.आई.सी. केन्द्र एवं ब्लॉक स्तर पर समस्त जनपद कार्यालयों एवं नगरीय निकायों के सभाकक्ष में किया गया।

जिला स्तरीय हितलाभ वितरण कार्यक्रम में जिला प्रशासन, संबल योजना अंतर्गत भुगतान प्राप्त हितग्राही एवं श्रम विभागीय टीम उपस्थित रहीं।

# विनोबा ऐप पर उत्कृष्ट कार्य के लिए सिवनी के शिक्षक सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

विनोबा ऐप पर अपनी गतिविधि और नवाचार अपलोड करने वाले चार शिक्षकों को आज विकासखंड स्तर का पोस्ट ऑफ द मंथ अवॉर्ड प्रदान किया गया। यह सम्मान शिक्षक राजेश्री जंघेला, रीजनलाल बोपचे, राजेश राय, और नफीसुन्निसा खान को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है। सम्मान समारोह बीआरसी कार्यालय में आयोजित हुआ, जहाँ बीआरसीसी सचेंद्र मिश्रा जी और ओपन लिंक्स फाउंडेशन के जिला परियोजना अधिकारी केशव नामदेव ने इन शिक्षकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर ब्लॉक एमआईएस कॉर्डिनेटर श्रवण साहू जी समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# स्थाई वारेंट निकालने के बाद भी फरार चल रहे सचिव इंद्र कुमार उईके



**सिवनी।** जिले के आदेगांव क्षेत्र का मामला यह है कि विगत 10 वर्ष पूर्व 800000 लेकर नौकरी लगवाने का झूठा आश्वासन देकर पैसा लिया गया जो हां सचिव पद पर पदस्थ इंद्र कुमार उईके के विरुद्ध ठगी का आरोप लगाया गया था जिसके कारण कोर्ट से इंद्र कुमार ऊईके के विरुद्ध धारा 299 द.पृ.स के अंतर्गत कार्यवाही की गई। और सचिव की कोर्ट पर उपस्थिति न होने के कारण इसे फरार घोषित भी कर किया जा चुका है आपको बता दें कि मामला यह है कि लगभग 10 वर्ष पूर्व आदे गांव के दो व्यक्ति.. श्रीकांत मालवीय एवं मेर सिंह सराठे...से लगभग ₹8 लाख की राशि लेकर रेलवे विभाग पर सरकारी नौकरी ग्रुप डी मे नौकरी लगवाने के एवज में इंद्र कुमार ऊईके ने पैसे मांग जिसके सभी सबूत प्रार्थी द्वारा कोर्ट में प्रस्तुत किये जा चुके हैं। अब बात यह है कि इंद्र कुमार उईके जो सागर पंचायत एवं रामनगरी अतिरिक्त प्रभार सचिव के पद में पदस्थ है बाकायदा रोज ड्यूटी कर रहा है शासन से मासिक वेतन भी प्राप्त कर रहा है उसके उपरांत प्रशासन की नजर से दूर फरार कैसे रह सकता है आरोपी इंद्र कुमार उईके स्थाई वारंट निकालने के बाद भी अभी तक फरार चलने के पीछे क्या कारण हो सकता है यह समझ से परे है क्या पैसों की दम पर न्यायालय को खरीदने की दम रखता है इंद्र कुमार उईके अब देखना होगा कि खबर चलने के दौरान प्रशासन क्या कार्रवाई करता है।

# नकबजनी के आरोपी छपारा पुलिस की गिरफ्त में

**सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सिवनी सुश्री शिमाला प्रसाद व्दारा जिले में हो रही चोरी, नकबजनी और लूट की घटनाओं पर रोक लगाने हेतु सभी थाना प्रभारियों को आदेशित किया गया है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में और अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लखनादौन अपूर्व भलावी के निर्देशन में थाना छपारा पुलिस ने नकबजनी के आरोपियो को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। घटना का विवरण इस प्रकार है- थाना छपारा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम खुर्सीपार में दिनांक 28,29/08/25 की दरम्यानी रात प्रार्थी बसंत कुमार पिता घस्सीलाल बरमैया उम्र 67 वर्ष निवासी ग्राम खुर्सीपार थाना छपारा के सूने मकान का ताला तोडकर अज्ञात चोरो व्दारा सोने चांदी के जेवरात, एलसीडी टीवी, सिलाई मशीन, चार नग पीतल की गुंडी कुल कीमत करीबन 300000 (तीन लाख) रूपये की चोरी करने की रिपोर्ट पर थाना छपारा मे अपराध क्रमांक 382/25 धारा 331 (4),305 बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया और अजात आरोपीयो की तलाश पतासाजी शुरू की गई। थाना प्रभारी छपारा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर मामले की जांच शुरू की गई। जांच दौरान पुलिस टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्य, भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर के माध्यम से अज्ञात आरोपीयों के सबंध में साक्ष्य एकत्रित किये गये। अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्राप्त साक्ष्य के आधार पर पुलिस टीम व्दारा 02 आरोपीयों को अभिरक्षा में रखकर कर पूछताछ की गई जिन्होंने सूने मकान में सोने-चांदी के आभूषण, घरेलू सामान और नगदी रुपये चोरी करना स्वीकार किया। उक्त आरोपियो से चोरी हुये माल मशरूका को जप्त कर आरोपियो को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सिवनी में पेश किया गया है. आरोपियो को माननीय न्यायालय व्दारा न्यायिक रिमांड पर जिला जेल सिवनी भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपी - 1. आसिफ पिता आजाद खान मुसलमान उम्र 30 वर्ष निवासी रायचौर थाना लखनादौन जिला सिवनी 2. राकेश पिता रुपलाल उड़के उम्र 40 वर्ष निवासी संजय कॉलोनी छपारा जिला सिवनी जप्त मशरूका सोने के 4 कंगन, एक सोने का मंगलसूत्र का पेंडल, तीन जोडी सोने के कान के फूल, एक सोने का लाकेट एवं एक सोने का हाय, एक जोडी सोने की झूमकी, एक सोने की अंगूठी एवं एक जोडी चांदी की पायल, एलसीडी टीवी, सिलाई मशीन, पीतल की चार गुंडी, चाँदी का कर्धन, सोने का हार कुल मशरुका कीमती 300000 रुपये।

## RTI का उल्लंघन कर सिवनी में नटवर लालों का जादू

# अन्नदाताओं को धोखा देकर चल रहा काला कारोबार धोखा, सरकार को चूना

**जिला सिवनी में भ्रष्टाचार ने अपनी सभी हदें तोड़ दी हैं। लोकतंत्र की आत्मा, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 (RTI) पर यहाँ खुलेआम और बेशर्मी से जघन्य हमला किया जा रहा है।**

### सहकारी समिति में सूचना के अधिकार का उल्लंघन बोर्ड लगाकर RTI से इनकार, कानून की अवहेलना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनादौन।

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, लखनादौन से लेकर कहानी घंसौर और विपणन सेवा सहकारी समिति तक, हर जगह नटवर लालों का एक संगठित सिंडिकेट सक्रिय है, जिसने कानून और व्यवस्था को अपने पैरों तले कुचल दिया है। यह मामला सिर्फ जानकारी न देने का नहीं, बल्कि संविधान की हत्या और अन्नदाता के भविष्य पर एक सीधा हमला है।

### कानून की धज्जियां धाराएं और संशोधन

सहकारी समितियां किसानों की जीवनरेखा होती हैं, लेकिन इन नटवर लालों ने किसान कल्याण के नाम पर उन्हें और सरकार दोनों को धोखा दिया है। इन भ्रष्ट प्रबंधकों ने 2005 के RTI कानून को तो ठेंगा दिखाया ही है, साथ ही 2025 के RTI संशोधन का भी मजाक उड़ाया है, जो विशेष रूप से किसानों को सशक्त बनाने के लिए लाया गया था। प्रबंधक तुलसीराम डेहरिया, प्रमोद उकाश और वसंत कुमार साहू जैसे अधिकारी, फर्जी सूचना पटल लगाकर खुलेआम झूठ बोल रहे हैं। इन बोर्डों पर साफ-साफ लिखा है कि यह संस्था RTI कानून के तहत नहीं आती। यह कृत्य सीधे तौर पर कानून की आपराधिक अवज्ञा और एक सोची-समझी धोखाधड़ी है, जिसका सीधा मकसद अन्नदाताओं को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित करना है।

### RTI कानून के कुछ प्रमुख प्रावधान, जिनका उल्लंघन हो रहा है,

RTI अधिनियम, 2005 की धारा 6(1): इसके तहत कोई भी नागरिक, किसी भी लोक प्राधिकरण (Public Authority) से, जिसमें सहकारी समितियां भी शामिल हैं, जानकारी मांग सकता है। संविधान का 97वाँ संशोधन, 2011 इस ऐतिहासिक संशोधन ने सहकारी समितियों को स्पष्ट रूप से RTI के दायरे में लाया, जिसे 14 फरवरी 2012 को मध्यप्रदेश सरकार ने भी अपने कानून में शामिल कर और स्पष्ट कर दिया।

2025 का संशोधन

हाल ही में, किसानों के लिए RTI प्रक्रिया को और सरल बनाने का उद्देश्य था। इस संशोधन में सार्वजनिक जानकारी प्रदर्शित करने और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के प्रावधान हैं, जिन्हें ये अधिकारी खुलेआम ठुकरा रहे हैं।

### भ्रष्टाचार का नंगा नाच और उच्च अधिकारियों की मिलीभगत




जागरूक नागरिक हरीशचंद्र गोल्हानी द्वारा जनसुनवाई मंगलवार को दायर की गई RTI याचिका सिर्फ जानकारी का आवेदन नहीं, बल्कि इस आपराधिक सिंडिकेट के घोटालों का विस्फोटक आरोप पत्र है। इन नटवर लालों ने किसान कल्याण की योजनाओं को पूरी तरह लूट खाया है और लाखों-करोड़ों की अनियमितताओं को छिपाने के लिए दस्तावेजों को रोका है। जानकारी न देने के बाद, ये भ्रष्ट प्रबंधक अपने गुर्गों के माध्यम से RTI कार्यकर्ताओं को फोन पर परेशान कर रहे हैं और धमका रहे हैं। इससे भी बढ़कर, ये प्रबंधक हर बार जिला रजिस्ट्रार का नाम लेकर यह कहते हैं कि "हमें अधिकार नहीं है"। यह एक गंभीर सवाल खड़ा करता है कि क्या इस संगठित भ्रष्टाचार में जिला रजिस्ट्रार जैसे उच्च अधिकारी भी शामिल हैं इस जानकारी का उपयोग करके आप संबंधित अधिकारियों को बता सकते हैं कि आरटीआई अधिनियम, 2005 को भारत सरकार द्वारा राजपत्र में 15 जून, 2005 को अधिसूचित किया गया था, और यह पूरे देश में लागू होता है, जिसके लिए किसी भी सहकारी समिति को अलग से राजपत्र की आवश्यकता नहीं है।

### जनता की अंतिम अपीलः कलेक्टर जैन से कठोर कार्रवाई की मांग

अब सभी की निगाहें जिला कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन पर टिकी हैं, जिन्हें जनसुनवाई में सीधे आवेदन सौंपा गया है। यह सिर्फ एक प्रशासनिक शिकायत नहीं, बल्कि कानून के राज और संविधान के सम्मान की कसौटी है। जनता आपसे अपील करती है कि इस नटवर लाल सिंडिकेट पर तत्काल लगाम लगाई जाए। आपसे विनती है कि आप RTI कानून का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, किसानों तक यह संदेश पहुँचाएँ कि सहकारी समितियाँ कानून के दायरे में आती हैं। इस अपराध को जड़ से खत्म करने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करें और सार्वजनिक रूप से घोषणा करें कि दोषियों पर मुकदमा चलाया जाएगा। यह वक्त कठोर कार्रवाई का है, सिर्फ आश्वासन का नहीं।

### नर्सरी के सामने के अतिक्रमण को शीघ्र हटाने के निर्देश

## गर्रा ओवरब्रिज के निरीक्षण पर पहुंचे एसडीएम





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में गर्रा रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य प्रगति पर है। एसडीएम गोपाल सोनी ने गुरुवार को सेतु संभाग एसडीओ अर्जुन सनोडिया और ठेकेदार के साथ निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण किया।

21.67 करोड़ की लागत से बन रहे इस पुल की लंबाई 700 मीटर और चौड़ाई 7.5 मीटर है। रेलवे विभाग की ओर से तीन और सेतु संभाग की ओर से पांच स्पॉन का काम अभी शेष है। बालाघाट की तरफ से वॉल का निर्माण पूरा हो चुका है।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने नर्सरी के सामने के अतिक्रमण को शीघ्र हटाने के निर्देश दिए। सेतु संभाग एसडीओ अर्जुन सनोडिया ने बताया कि निर्माण में बाधक बन रहे अतिक्रमण, पेड़ और यातायात की समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में सरेखा रेलवे ओवरब्रिज को अनौपचारिक रूप से यातायात के लिए खोला गया है। प्रशासन गर्रा ओवरब्रिज के निर्माण कार्य को तेज गति से पूरा करने के लिए प्रयासरत है।

## सिवनी-बालाघाट फोर लेन सड़क निर्माण के लिए हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




मध्यप्रदेश राज्य सड़क विकास प्राधिकरण द्वारा सिवनी से बालाघाट के बीच फोर लेन स्टेट हाईवे का 02 हजार करोड़ रुपये की लागत से निर्माण किया जाएगा। इस सड़क के निर्माण के लिए भूमि आवंटन, वन विभाग की अनुमति एवं नेशनल वाईल्ड बोर्ड से अनुमति को लेकर 10 सितम्बर को कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दक्षिण सामान्य वनमंडल के वनमण्डलाधिकारी श्री अधर गुप्ता, एमपीआरडीसी छिंदवाड़ा के संभागीय प्रबंधक श्री दीपक आड़े, कान्हा टाईगर रिजर्व के सहायक संचालक श्री हितेंद्र चिचखेड़े, एमपीआरडीसी के जिला प्रबंधक श्री मुकेश बेले एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में एमपीआरडीसी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सिवनी-बालाघाट स्टेट हाईवे निर्माण के लिए राजस्व एवं वन विभाग से भूमि आवंटन व अनुमति संबंधी कार्यवाही शीघ्रता से पूर्ण कराए। इसी प्रकार नेशनल वाईल्ड बोर्ड से कारीडोर क्षेत्र में अंडरपास निर्माण के लिए अनुमति की प्रक्रिया अविलंब प्रारंभ करें। इसके लिए परिवेश पोर्टल पर शीघ्र आवेदन करने के निर्देश दिये गए। कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि बालाघाट से कंजई तक सड़क निर्माण के लिए किसी तरह की अनुमति की आवश्यकता नही है। अतः टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होते ही बालाघाट की ओर से कंजई तक सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ कर लिया जाए। उन्होंने एमपीआरडीसी के संभागीय प्रबंधक से कहा कि वे हर सप्ताह बालाघाट आकर इस स्टेट हाईवे के निर्माण पर निगरानी रखे।बैठक में एमपीआरडीसी के संभागीय प्रबंधक श्री दीपक आड़े ने बताया कि सिवनी से बालाघाट के बीच 04-लेन स्टेट हाईवे का निर्माण किया जाना है। इसके लिए 02 हजार करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस स्टेट हाईवे का 45 किलोमीटर भाग सिवनी जिले में एवं 40 किलोमीटर भाग बालाघाट जिले में आता है। इस स्टेट हाईवे के निर्माण में कंजई के पास से 13 किलोमीटर वन क्षेत्र एवं पेंच-कान्हा कारीडोर का हिस्सा आता है। इसके निर्माण के लिए वन विभाग से 16 हेक्टेयर वन क्षेत्र की एवं नेशनल वाईल्ड बोर्ड भारत सरकार से अनुमति लेना है। इस सड़क के 03 किलोमीटर का कारीडोर वाले हिस्से में वन्य प्राणियों के गुजरने के लिए अंडरपास का निर्माण किया जाना है।

## होटल में डॉक्टर ने फांसी लगाकर दी जान

### बालाघाट में कार्यरत था, बाथरूम में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



भोपाल के टीटी नगर स्थित होटल क्राउन पैलेस में बालाघाट के एक डॉक्टर ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। होटल स्टाफ से इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस फौरन मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फिलहाल सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे खुदकुशी की वजह का खुलासा नहीं हो सका है।

सहन कुमार (36) मूलरूप से कर्नाटक के रहने वाले थे। वह बालाघाट के एक अस्पताल में बतौर गायनोकॉलोजिस्ट काम करते थे। हाल ही में उनका पत्नी से तलाक हुआ है। ऐसे में पुलिस मानकर चल रही है कि पारिवारिक कारणों के चलते डॉक्टर ने जान दी है।

डॉक्टर सहन कुमार ने होटल के बाथरूम में फांसी का फंदा बनाकर जान दी। फंदा बिस्तर पर रखी लाल रंग की चादर से तैयार किया गया था। गुरुवार दोपहर तक जब सहन कुमार ने गेट नहीं खोला तो होटल कर्मचारी चेक करने पहुंचे। काफी आवाज देने पर भी अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस की मौजूदगी में गेट खोला गया।

सुसाइड केस का जांच कर रहे एसआई राघवेंद्र सिंह सिकरवार के मुताबिक सहन कुमार की भोपाल में एक मीटिंग होनी थी। मध्य प्रदेश मेडिकल काउंसिल के दफ्तर में बोर्ड ऑफिस के पास उन्हें जाना था। इससे पहले ही उन्होंने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

पुलिस को मौके पर डॉक्टर सहन कुमार के दो मोबाइल फोन एक स्टूल पर रखे मिले हैं। एक मोबाइल पर इयरफोन कनेक्ट था। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि कॉल पर किसी से बात करने के बाद उन्होंने जान दी है।

डॉक्टर के दोनों फोन समेत पूरा सामान पुलिस ने जब्त कर लिया है। कमरे की तलाशी में फिलहाल पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। उनका हाल ही में तलाक हुआ था, इस बात की जानकारी पुलिस को उनके एक दोस्त ने दी है।

## शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मनाई गई



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

स्व. दिलीप भटेरे शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन के अंतर्गत डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्ण की जयंती के अवसर पर महाविद्यालय के सभागार में छात्र छात्राओं द्वारा शिक्षक दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सर्व प्रथम छात्र छात्राओं द्वारा समस्त महाविद्यालय स्टाफ का तिलक लगाकर स्वागत किया गया इसके उपरांत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुनीता जैन द्वारा उत्साह से परिपूर्ण छात्र छात्राओं को उत्साहवर्धक एवं सफल कार्यक्रम की बधाई देते हुए सारगर्भित उद्बोधन से सभी का उत्साहवर्धन किया कार्यक्रम में भारी संख्या में छात्र छात्राएं एवं महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति रहे।

## नियमित टीकाकरण पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई संपन्न

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** नियमित टीकाकरण सत्रों की सूक्ष्म कार्ययोजना को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.परेश उपलप की अध्यक्षता में 11 सितम्बर को संपन्न हुई। कार्यशाला में विश्व स्वास्थ्य संगठन के एसएमओ डॉ. अमोल शिंदे ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर सीएमएचओ डॉ. उपलप ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग का एक महती नियमित संचालित होना वाला प्रोग्राम है। सभी अधिकारी कर्मचारी जिम्मेदारी पूर्वक तथा सूक्ष्म कार्ययोजना बनाकर इस पर काम करें। कोई भी लक्षित बच्चा किसी भी जरूरी टीकों से ना छूटे इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएं।

कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में विश्व स्वास्थ्य संगठन के एसएमओ डॉ. शिंदे ने टीकाकरण की विस्तृत एवं सूक्ष्म कार्ययोजना, कम्यूनिकेशन कार्ययोजना, टीकाकरण सत्र योजना सहित कई महत्पूर्ण बिंदूओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पंकज महाजन द्वारा मेडलीपर क्रो लेकर प्रशिक्षित किया उन्होंने पीएम, एमएलसी पर जानकारी दी। आरआई डाटा प्रबंधक सिज़ी वर्गीस द्वारा स्वस्थ नारी, सशक्त अभियान के अंतर्गत शिशु टीकाकरण क्रो लेकर जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण में जिला स्वास्थ्य अधिकारी, समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी, शहरी स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला मीडिया प्रभारी सह सलाहकार, सीपीएचसी सलाहकार, डीसीएम, एपीएम, बीपीपी, बीसीएम, डाटा प्रबंधक नियमित टीकाकरण, आईडीएसपी डाटा प्रबंधक, वीसीसीएम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## आज मुख्यमंत्री डॉ. यादव लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित करेंगे राशि

**बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 12 सितम्बर को झाबुआ जिले के पेटलावद में आयोजित कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और गैस सिलेंडर उज्जवला योजना के हितग्राहियों के खातों में सितम्बर माह की राशि अंतरित करेंगे। इस कार्यक्रम का बालाघाट जिले के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में प्रसारण दिखाया जाएगा। इस कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के साथ हितग्राही महिलायें उपस्थित रहेंगी।लाडली बहना योजना के अंतर्गत बालाघाट जिले की 03 लाख 47 हजार 634 लाडली बहनों के खाते में माह सितम्बर की राशि के रूप में 41 करोड़ 96 लाख 17 हजार 200 रुपये की राशि जमा होगी। प्रत्येक लाडली बहन के खाते में 1250 रुपये की राशि आएगी।

## धूमधाम से मनाया जायेगा दुर्गा उत्सव पर्व 23 सितम्बर से प्रारंभ होगा गरबा

**वारासिवनी।** श्री नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति शांति नगर भाजी मंडी का 81 वॉ वर्ष भव्यता से मनाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक समिति संरक्षक वीरेंद्र सोहाने, नारायण कदम, संजय रूसिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। समिति के मीडिया प्रभारी शौर्य रूसिया एवं कैलाश कसार ने संयुक्त रूप से बताया कि नवरात्रि पर्व के कार्यक्रमों की रूप रेखा सुनिश्चित करने हेतु समिति अध्यक्ष अभय रूसिया ने बैठक का आह्वान किया। जिसमें समिति के संरक्षकगण, सदस्य गण, पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। समिति अध्यक्ष अभय रूसिया ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी माता जी को धूमधाम से पंडाल में लाकर विधि विधान के साथ माताजी की स्थापना होगी। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी पारम्परिक भव्य गरबा का आयोजन श्री नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति शांति नगर भाजी मंडी में 23 सितंबर 2025 से कराया जाएगा। जिसकी प्रैक्टिस प्रारंभ की जा चुकी है। इसके साथ ही माता जी के पंडाल में भंडारा, आर्केस्ट्रा, माताजी के भव्य विसर्जन की भी तैयारी धूमधाम से की जा रही है।

## बाघ ने पालतू मवेशी बछिया का किया शिकार, आधा दर्जन गांवों में डर का माहौल

### चांदाडोह में बाघ की चहलकदमी

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



वन परिक्षेत्र कटंगी के पठार अंचल के ग्रामीण इलाकों से आए दिन हिंसक वन्य प्राणी बाघ को देखे जाने और बाघ के द्वारा पालतू मवेशियों के शिकार की घटनाएं सामने आ रही है. बीते दिनों 4 सितंबर को हिंसक वन्य प्राणी बाघ के हमले से एक बुजुर्ग किसान सेवक राम गोपाले की मौत हो गई. इस घटना के पहले भी बाघ ने इंसानों पर हमला किया. इस तरह की घटनाओं के बाद लोगों में आक्रोश पनप रहा है. अब तिरोड़ी तहसील के ग्राम चांदाडोह में वन विकास निगम के एरिया में वन्य प्राणी बाघ की चहल-कदमी दिखाई दे रही है. पालतू मवेशी बछिया पर हमले की घटना से बाघ की मौजूदगी का पता चला है. इस घटना के बाद आसपास के करीब आधा दर्जन गांवों में डर का माहौल बना हुआ है. मिली जानकारी अनुसार बाघ ने चांदाडोह निवासी सुखमन बाई उईके के खेत के पास ही पालतू मवेशी बछिया पर हमला किया. घटना बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे के आसपास की बताई जा रही है. सुखमन बाई के मुताबिक जब वह मवेशी चरा रही थी तभी बाघ ने दबे पांव आकर अचानक से पालतू मवेशी पर हमला कर दिया. पशु मालिक ने वन विभाग के अधिकारियों को घटना की सूचना दी है. वन विभाग ने गांव में मुनादी कराते हुए ग्रामीणों को सतर्क और सावधान रहने की अपील की है।

## दीक्षा का एमबीबीएस में चयन

हरिभूमि न्यूज गढ़ी।



बैहर क्षेत्र के ग्राम कदला निवोसी दीक्षा पिता इंदल सिंह मरकाम ने पहले प्रयास में मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में सफलता प्राप्त की हैं। दीक्षा ने प्राथमिक शिक्षा स्तर की पढ़ाई गढ़ी से की। इसके बाद इनका चयन नवोदय विद्यालय के लिए हो गया। हाईस्कूल स्तर तक पढ़ाई, इसी विद्यालय में करते हुए इनका चयन दक्षिणा फाउंडेशन पुणे में हो गया। दो वर्ष तक 11वीं व 12वीं की पढ़ाई के साथ मेडिकल प्रवेश परीक्षा को तैयारी भी साथ में जारी रखी। अब जल्द ही इनका प्रवेश एमबीबीएस के लिए हो जाएगा। अभी वर्तमान में चाइस फिलिंग के प्रक्रिया से गुजर रही है। एमबीबीएस में दीक्षा का चयन होने पर सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी, पंच डा. अमित पाटिल सहित अन्य लोगों ने उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

### एसडीएम एवं जनपद अध्यक्ष की उपस्थिति में किया गया पट्टे का वितरण

## बैहर अनुभाग के 18 ग्रामों में 122 सामुदायिक वनाधिकार पट्टे स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिला स्तरीय वन अधिकार समिति द्वारा अनुमोदन के पश्चात राजस्व अनुभाग बैहर के 18 ग्रामों में विभिन्न कार्यों के लिए 122 सामुदायिक वनाधिकार पट्टे जारी किये गए है। बैहर एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता द्वारा इन पट्टो का वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती भगवंती सैयाम, जनपद सदस्य श्री आशुतोष मेरावी एवं सहायक परियोजना प्रशासक श्रीमती विमला सैयाम उपस्थित थी।

अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन द्वारा ग्रामवासियों को उनके परंपरागत सामुदायिक वनाधिकारों की विधिसम्मत मान्यता प्रदान करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में, शासन से प्राप्त निर्देशों के तहत सामुदायिक दावों की प्रक्रिया के अंतर्गत वनग्रामों में निवासरत अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासियों को सामुदायिक अधिकार जैसे -आवागमन के पारंपरिक मार्ग, चरनोई का अधिकार, गौठान, धार्मिक स्थल, श्मशान घाट, मण्डई/मेला स्थल, खेल मैदान, सामुदायिक हाट, तथा जलाशयों के पानी के उपयोग के अधिकार दिए जाने की प्रक्रिया को गति दी गई है।

इस संबंध में उपखंड स्तरीय वनाधिकार समिति, बैहर द्वारा विकासखंड बैहर के अंतर्गत ग्राम पंचायत समरिया, जैतपुरी, धीरी, मोहरई, आमगहन, घुईटोला, केवलारी एवं गोवारी तथा विकासखंड परसवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत माटे एवं पालाघोंदी से प्राप्त वनाधिकार समिति एवं ग्राम सभाओं द्वारा प्रस्तुत सामुदायिक दावों की समीक्षा कर अनुशंसा के उपरांत उन्हें जिला स्तरीय वनाधिकार समिति को प्रेषित किया गया। जिला समिति द्वारा परीक्षण के पश्चात उपर्युक्त ग्राम पंचायतों के 18 ग्रामों के कुल 122 कार्यों हेतु सामुदायिक वनाधिकार प्रमाण पत्र (Community Forest Rights Titles) जारी किए गए।

सामुदायिक वनाधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त होने से ग्रामवासियों को उनके परंपरागत संसाधनों पर विधिसम्मत अधिकार प्राप्त हुए हैं, जिससे उन्हें चारागाह, जलस्त्रोत, श्मशान भूमि, धार्मिक स्थल, सामुदायिक मेलों के आयोजन स्थल तथा अन्य उपयोगी स्थलों पर स्वशासन एवं संरक्षण का अधिकार मिला है। इससे न केवल ग्रामीण आजीविका और सांस्कृतिक पहचान को मजबूती मिलेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर संसाधनों के सतत प्रबंधन, जैव विविधता संरक्षण, सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण एवं शासन की योजनाओं में प्राथमिकता प्राप्त करने जैसे अनेक लाभ भी सुनिश्चित होंगे।

### जनपद सीईओ सहित जिम्मेदार अधिकारियों की खाली कुर्सियों की तस्वीर

## जपं लालबर्रा में कार्यालयीन समय पर पसरा था सन्नाटा, अधिकारी कर्मचारी मिले गायब

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।



वह कहावत तो आपने सुनी ही होगी अंधेर नगरी चौपट राजा.. यह कहावत जनपद पंचायत लालबर्रा पर सटीक बैठती है। क्षेत्रवासियों की शिकायत पर बुधवार को 11:10 पर मिडिया टीम द्वारा जनपद पंचायत लालबर्रा का निरीक्षण किया गया देखने में आया की मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लालबर्रा चंदर सिंह मंडलोई कार्यालय समय पर अपने केबिन में नहीं थे और कुर्सी खाली पड़ी हुई थी ऐसे ही हाल अधीनस्थ अमले का देखा गया जो अपने केबिन पर दिखाई नहीं दिये मनरेगा का भी कोई भी जिम्मेदार अधिकारी कार्यालय के समय पर उपस्थित नहीं पाया गया ज़ो इस बात को उजागर करता है कि जनपद पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी ही समय पर कार्यालय नहीं पहुंचेंगे तो बाकी का अधीनस्थ अमला तो साहब की देखा सीखी तो करेगा ही. मीडिया टीम ने पूरी जनपद का निरीक्षण किया तो पाया कि जनपद में श्रीवास्तव बाबू को छोड़कर सभी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी नदारत पाए गए मीडिया प्रतिनिधि द्वारा उक्त मामले पर बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीणा को तत्काल अवगत कराते हुए लापरवाही बरतने वाले अधिकारी और कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की है क्षेत्र के जागरूक जनों से आए दिन शिकायत मिल रही थी कि जब भी किसी भी काम से जनपद में कार्यालयीन समय पर भी जाओ तो जनपद में सन्नाटा ही पसरा रहता है। कोई ना कोई अधिकारी गायब ही मिलते है सवाल इस बात का है कि शासन से मोटा वेतनमान लेने वाले जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी कर्तव्य के निर्वहन में लापरवाही क्यों बरत रहे हैं। क्या उन्हें पता नहीं कि हम जनता के नौकर है.. और जनता के काम करने के लिए ही हमें सरकार ने नौकर रखा गया है कार्यालय खुलने और बंद होने का समय निर्धारित किया गया है फिर भी लापरवाही बरती जा रही है। मीडिया से चर्चा करते हुए पीड़ित नगपुरा के पूर्व सरपंच सदानंद दमाहे व अन्य जरूरतमंदों ने बताया कि जनपद में कोई भी अधिकारी और कर्मचारी कार्यालयीन समय पर उपस्थित नहीं रहता है सब देर सबे र अपनी मनमर्जी से कार्यालय पहुंचते हैं सब लापरवाही बरत रहे हैं। जनपद पंचायत लालबर्रा में अवस्थाओं का आलम बरकरार है ना तो जिम्मेदार जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे हैं और ना ही जिले में बैठे जिम्मेदार आला अधिकारी, ऐसे में सुशासन की उम्मीद कैसे की जा सकती है। समय रहते जनपद की अव्यवस्थाओं को व्यवस्थाओं में न बदल गया तो आने वाले दिनों में सरकार को जनता के बीच जाने में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा और सरकार को अव्यवस्थाओं की कीमत चुकानी पड़ेगी..?

**लेट लतीफी से पहुंच रहे जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी, क्या होगा जनता का :** बुधवार को लगभग 11:10 बजे आम जनता की जानकारी और शिकायत पर मीडिया टीम द्वारा जनपद पंचायत लालबर्रा का निरीक्षण किया गया जिसमें देखा गया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लालबर्रा, मनरेगा स्टाफ, खंड पंचायत अधिकारी सहित अन्य कर्मचारी कार्यालयीन समय पर उपस्थित नहीं पाए गए जो घोर लापरवाही को उजागर करता है मिडिया को निरंतर क्षेत्रवासियों से शिकायत मिलते रहती थी कि अगर किसी को भी जनपद का कोई भी काम है तो जनपद में कार्यालय के समय पर कोई उपस्थित नहीं दिखता से उनके काम प्रभावित होते हैं की मीडिया द्वारा आज पुष्टि की गई और देखा गया कि जनपद में पूरा सन्नाटा फैला हुआ था श्रीवास्तव बाबू अपने केबिन पर बैठे हुए थे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी कार्यालय में उपस्थित नहीं थे जो पदेन कर्तव्य के निर्वहन न घोर लापरवाही है। अब बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीणा को ऐसे लापरवाह अधिकारियों पर वैधानिक कार्रवाई करनी होगी नहीं तो लापरवाही का सिलसिला जारी रहेगा..?

### इनका कहना हैं

मैं नगपुरा का पूर्व सरपंच सदानंद दमाहे हूँ मैं आज भूखंड मामले में एक काम से आया था अभी 11:10 हो रहा है अभी तक श्रीवास्तव बाबू को छोड़कर कोई भी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित नहीं हुआ है ऐसा मै हमेशा से देखता आ रहा हूं। अधिकारी कर्मचारी अपनी मनमर्जी से आते हैं और जाते हैं। जनता की समस्या से कोई लेना देना नहीं है। हमारी मांग है कि अधिकारी और कर्मचारी समय पर आए और जाए और जनता की समस्याओं को सुलझाए।

**सदानंद दमाहे , पूर्व सरपंच नगपुरा**